# 11. सिंचाई परियोजनाएँ

❑ राजस्थान की नवीनतम जल नीति किस वर्ष अपनाई गई - [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018 (II)]
(1) 2012 (2) 2014 (3) 2015 (4) 2010
Ans. (4)

**व्याख्या** - राजस्थान की नवीनतम जल नीति को मंत्रीमण्डल ने 17 फरवरी, 2010 को मंजूरी प्रदान की।

❑ राजस्थान के 13 नदी बेसिनों में कुल सतही जल की सम्भाव्यता कितनी है? ( मिलियन एकड़ फुट में ) [Librarian Gar. III - 13.11.16]
(1) 08.42 (2) 11.29 (3) 15.86 (4) 14.51
Ans. (3)

**व्याख्या** - राजस्थान में लगभग 2,23,25,051 हैक्टेयर क्षेत्र खेती युक्त है, परंतु राज्य के आंतरिक जल स्रोत की सतही क्षमता अनुमानत: 15.86 एम.ए.एफ. ( राष्ट्रीय क्षमता का 1.16 प्रतिशत ) है।

❑ भारत के कुल सतही जल संसाधनों में राजस्थान का कितना प्रतिशत भाग है-[JEN Degree (TSP)- 16.10.16]
[JEN (Civil) Degree - 18.05.2022]
(1) 1.70 (2) 2.86 (3) 1.16 (4) 1 से कम
Ans. (3) व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान में सर्वाधिक सिंचाई की जाती है-
[JEN (Mech.) Dipl., 2016][Police Constable -2007(II)]
[कॉलेज व्याख्याता (सारंगी) परीक्षा 30.05.2019]
[प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021]
[Lab Assistent (Science) -28.06.2022]
[वनपाल-06.11.2022(S-I)][JEN (Diploma) - 21.08.2016]
(1) कुओं व नलकूपों द्वारा (2) तालाबों द्वारा
(3) उपर्युक्त में से कोई नहीं (4) नहरों द्वारा
Ans. (1)

**व्याख्या** - राज्य के कुल सिंचित क्षेत्र का 69.39% भाग कुओं एवं नलकूपों ( जयपुर सर्वाधिक ) द्वारा, 28.39% भाग नहरों ( गंगानगर सर्वाधिक ) एवं 0.33% भाग तालाबों ( भीलवाड़ा सर्वाधिक ) द्वारा सिंचित है।

❑ राजस्थान में नहरों द्वारा सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत कितना है- [JEN Diploma (TSP) Exam - 16.10.2016]
(1) 26.49 (2) 24.36 (3) 28.85 (4) 29.75
Ans. (4)* व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान में नहर सिंचाई में किस जिले का प्रथम स्थान है? [EO & RO - 14.05.2023 (S - I)]
(1) राजसमंद (2) श्रीगंगानगर (3) उदयपुर (4) भीलवाड़ा
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान में क्षेत्रफल के अनुसार सिंचाई की दृष्टि से दूसरे स्थान पर कौनसा है-
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.6.2024 (I)]
(1) नहरें (2) कुएँ और ट्यूबवेल (3) तालाब (4) नदियाँ
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ इन्दिरा गाँधी नहर का निर्माण कार्य वर्ष 1958 से प्रारम्भ हुआ और इसका उद्गम है ?[R.A.S., 2007]
[JEN (Mechanical) Degree - 20.05.2022]
(1) सतलुज नदी पर भाखड़ा बाँध से
(2) रिहन्द नदी पर रिहन्द घाटी योजना से
(3) महानदी पर हीराकुण्ड योजना से
(4) सतलुज-व्यास नदी पर हरिके बाँध से
**Ans. (4)**

**व्याख्या** - <u>31 मार्च, 1958</u> को शुरू इस परियोजना को सबसे पहले '<u>राजस्थान नहर</u>' के नाम से जाना जाता था। जिसे 2 नवम्बर 1984 में नाम परिवर्तित करके इन्दिरा गाँधी नहर कर दिया गया। <u>हरिके बैराज ( सतलज व व्यास नदियों के संगम पर स्थित पंजाब के फिरोजपुर जिले में )</u> से निकाली गई इस नहर को बाड़मेर की गडरा रोड तक प्रस्तावित किया गया है।

❑ इंदिरा गाँधी नहर परियोजना की आधारशिला रखी गई? [जेल प्रहरी परीक्षा-2017]
(1) 31 मार्च, 1956 को (2) 31 मार्च, 1958 को
(3) 2 अक्टूबर, 1958 को (4) 2 अक्टूबर, 1956 को
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ किस नहर का आरम्भिक नाम राजस्थान नहर था-
[पशु परिचर-2.12.2024 (S-II)]
(1) गंगा नहर (2) हनुमानगढ़ नहर
(3) इंदिरा गाँधी नहर (4) अनूपगढ़ नहर
Ans. (3) व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ इंदिरा गाँधी नहर का प्रारंभिक बिन्दु किस राज्य में हैं- [CET-G (S-I) - 28.09.2024]
(1) हरियाणा (2) पंजाब (3) राजस्थान (4) उत्तर प्रदेश
Ans. (2) व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned with OKEN Scanner

❑ इंदिरा गाँधी नहर किन नदियों पर बनाई गई हैं?
[महिला पर्यवेक्षक- 20.12.2015 ] [CET-G (S-I) - 28.09.2024]
[High.LDC-13.3.2022)][PSI (मोटर) - 12.2.2022][सूचना सहा. 2011]
(1) माही एवं चंबल (2) सोन एवं बनास
(3) साबरमती एवं पार्वती (4) व्यास एवं सतलज
Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ इंदिरा गाँधी नहर परियोजना के संदर्भ में कौनसा कथन सही नहीं है- [वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक -19.06.2022]
(1) इंदिरा गाँधी नहर परियोजना भारत की सबसे बड़ी नहर परियोजना है।
(2) इसमें 204 किमी. लम्बी फीडर नहर है।
(3) यह पोंग बाँध से प्रारम्भ होती है जो सतलज और व्यास नदी के संगम पर स्थित है।
(4) इसमें सात लिफ्ट नहरें हैं जिससे विभिन्न जिलों में पानी दिया जाता है।
Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ जिलों के किस समूह में इंदिरा गाँधी नहर का पानी केवल पीने के उद्देश्य के लिए उपयोग में लाया जाता है/जाएगा?[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.7.2018 (II)]
(1) झुंझुनूँ, सीकर, नागौर और बाड़मेर
(2) जयपुर, जोधपुर, पाली, सिरोही
(3) जैसलमेर, जोधपुर, पाली, चुरू
(4) चुरू, सिरोही, पाली, बीकानेर
Ans. (1)

> ***व्याख्या**-इंदिरा गाँधी नहर परियोजना से उत्तरी-पश्चिमी राजस्थान के 12 जिले लाभान्वित हो रहे हैं, जिनमें से 6 जिलों (हनुमानगढ़, गंगानगर, चूरू, बीकानेर, फलौदी, जैसलमेर) को सिंचाई एवं पेयजल सुविधा तथा 6 जिलों (नागौर, बाड़मेर, बालोतरा, जोधपुर, सीकर, झुन्झुनूँ) को पेयजल सुविधा है।*

❑ किस स्थान पर इंदिरा गाँधी नहर परियोजना से पेयजल नहीं पहुँचाया जाता है-[CET : 07.01.2023 (1)]
[JEN (यांत्रिकी) डिग्री -13.12.2020]
(1) बीकानेर (2) जोधपुर (3) पाली (4) बाड़मेर
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ इंदिरा गाँधी नहर परियोजना (आई.जी.एन.पी.) को निम्नलिखित में से किसकी बेहतर जीवन रेखा माना जाता है- [CET -G (S-II) - 27.09.2024]
(1) पश्चिमी राजस्थान (2) पूर्वी राजस्थान
(3) उत्तरी राजस्थान (4) दक्षिणी राजस्थान
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ इंदिरा गाँधी नहर राजस्थान के निम्न में से किस क्षेत्र में अवस्थित है- [CET (10+2) : 23.10.2024 (S-II)]
(1) अर्द्ध शुष्क क्षेत्र (2) पश्चिमी मरुस्थलीय मैदान क्षेत्र
(3) अरावली क्षेत्र (4) दक्षिण पूर्वी क्षेत्र
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना से किन जिलों को सिंचाई सुविधा प्राप्त हो रही है[RPSC Jr. Acct.-1994]
(1) बीकानेर, चूरू, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर
(2) बीकानेर, चूरू, गंगानगर, हनुमानगढ़, कोटा
(3) सीकर, झुंझुनूँ, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर
(4) बीकानेर, चूरू, जयपुर, सीकर, अजमेर, दौसा
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान के किस क्षेत्र को इन्दिरा गाँधी नहर से पानी का लाभ मिलता है[CET (10+2)-24.10.2024 (II)]
1. चूरु, 2. जैसलमेर, 3. जोधपुर, 4. अजमेर
(1) केवल 1 और 3 (2) केवल 1, 2 और 3
(3) केवल 1, 3 और 4 (4) केवल 2 और 3
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान का कौनसा क्षेत्र इंदिरा गाँधी नहर से लाभान्वित होगा?[ RAS 2003 ][पशु परिचर-2.12.2024 (II)]
(1) उत्तर-पश्चिम (2) दक्षिण
(3) दक्षिण-पश्चिम (4) सम्पूर्ण राजस्थान
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ इन्दिरा गाँधी नहर के पूर्ण होने पर राजस्थान के कितने क्षेत्र को सिंचाई का लाभ प्राप्त हो सकेगा?
[प्रयोगशाला सहायक 13.11.16][JEN (Mech.) Dip., 2016]
(1) 17.41 लाख हैक्टेयर (2) 11.63 लाख हैक्टेयर
(3) 15.17 लाख हैक्टेयर (4) 19.65 लाख हैक्टेयर
Ans. (4)

> ***व्याख्या** : वर्ष 2005 में राज्य सरकार ने कुल प्रस्तावित सिंचित क्षेत्र 19.63 लाख हैक्टेयर को पानी की उपलब्धता में कमी के परिप्रेक्ष्य में 16.17 लाख हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र को मंजूरी प्रदान की है।*

❑ इंदिरा गाँधी नहर का अन्तिम छोर है?[ ग्राम सेवक, 2008 ]
[JEN (विद्युत) डिग्री-29.11.2020]
(1) गडरारोड(2) लूणकरणसर(3) मोहनगढ़ (4) जैसलमेर
Ans. (3)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या-IGNP की कुल लम्बाई 649 किमी. है। इसके प्रथम चरण के अंतर्गत (393 किमी.) हरिके बाँध से मसीतावाली गाँव ( हनुमानगढ़ ) तक 204 किलोमीटर लम्बी राजस्थान फीडर का निर्माण किया गया तथा 189 किलोमीटर लम्बी मुख्य नहर का मसीतावाली गाँव से श्रीगंगानगर होते हुए पूंगल हैड ( सत्तासर गाँव, बीकानेर ) तक निर्माण किया गया है। द्वितीय चरण के अंतर्गत राजस्थान मुख्य नहर पूंगल हैड से जैसलमेर जिले के मोहनगढ़ गाँव तक 256 किलोमीटर तक निर्माण किया गया है। इसलिए 'मोहनगढ़' कस्बे को IGNP का 'Zero Point' कहते हैं। हालाँकि इंदिरा गाँधी नहर को गडरा रोड ( बाड़मेर ) तक ले जाया जाना प्रस्तावित ( मोहनगढ़ से गडरा रोड तक 165 किमी. ) है, किन्तु वर्तमान में निर्माण कार्य अधूरा है। इंदिरा गाँधी मुख्य नहर की लम्बाई 445 किमी. है।*

❑ **इंदिरा गाँधी फीडर ( राजस्थान फीडर ) की लम्बाई कितने किमी. है?** [Lab Assistant (Science) -29.06.2022]

(1) 204 (2) 445 (3) 649 (4) 826

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में इंदिरा गाँधी नहर का प्रवेश बिन्दु कौन-सा जिला है?** [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-14.7.2018 (II)]

(1) जोधपुर (2) श्रीगंगानगर (3) हनुमानगढ़ (4) चुरू

Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **इंदिरा गाँधी मुख्य नहर की लंबाई ( किमी. ) क्या है?** [AEN Exam - 16.12.2018]

(1) 445 (2) 204 (3) 649 (4) 328

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **इंदिरा गाँधी नहर परियोजना की कुल लम्बाई लगभग कितने किमी. है?** [Assistant Engineer-Civil -21.05.23]

(1) 150 (2) 350 (3) 650 (4) 850

Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **प्रथम चरण में कौनसा जिला इंदिरा गाँधी नहर परियोजना का हिस्सा नहीं था-** [LDC - 11.08.2024] [CET-G (S-II) - 28.09.2024]

(1) गंगानगर (2) बीकानेर (3) जोधपुर (4) हनुमानगढ़

Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **इंदिरा गाँधी नहर निम्न में से राजस्थान के किस जिले में समाप्त होती है-** [CET-G (S-I) - 27.09.2024]

(1) जोधपुर (2) जैसलमेर (3) भरतपुर (4) उदयपुर

Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **कौनसा एक कथन सही नहीं है?** [RAS 14 June, 2012]

(1) कुएँ एवं नलकूप राजस्थान में सिंचाई के प्रमुख साधन हैं

(2) गंग नहर का निर्माण कार्य 1927 में पूर्ण हुआ था

(3) इंदिरा गाँधी नहर के जल का उपयोग केवल सिंचाई के लिए होता है

(4) 'खड़ीन' शुष्क राजस्थान में जल संरक्षण की परम्परागत विधि है

**Ans. (3)**

*व्याख्या - यह राजस्थान की ही नहीं बल्कि भारत की एक विशाल बहुउद्देशीय ( पेयजल, सिंचाई ) परियोजना है। इसे राजस्थान की **मरुगंगा** व **जीवन रेखा** कहा जाता है। इसका प्रारूप बीकानेर रियासत के मुख्य सिंचाई अभियंता राय बहादुर कँवरसेन गुप्ता ने तैयार ( 1948, पुस्तक- बीकानेर राज्य के लिए पानी की आवश्यकता ) किया था। इसका शिलान्यास ( 31 मार्च, 1958 ) तत्कालीन गृहमंत्री गोविन्द वल्लभ पंत ने किया था। इसका उद्घाटन 11 अक्टूबर, 1961 को उपराष्ट्रपति डॉ. एस. राधाकृष्णन ने किया।*

❑ **कँवर सेन द्वारा राजस्थान नहर की शुरुआत की गई, वर्ष-** [III Grade (L-I) -25.2.2023]

(1) 1958 (2) 1948 (3) 1938 (4) 1968

Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **किसे राजस्थान की 'मरुगंगा' के नाम से जाना जाता है-** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I)] [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) 14.9.2019] [EO & RO - 14.05.2023 (S - I)]

(1) बाणगंगा (2) इंदिरा गांधी नहर (3) गंगनहर (4) माही

Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **इंदिरा गाँधी नहर परियोजना का जनक किसे माना जाता है?** [LDC Exam -09.09.2018] [जेल प्रहरी - 2017]

(1) महाराजा गंगासिंह (2) जवाहरलाल नेहरू

(3) गोविन्द वल्लभ पंत (4) कँवरसेन

Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **कौनसी नहर भारत की सबसे लम्बी नहर है?** [कनिष्ठ लेखाकार -11.02.2024] [Stenographer-15.10.2024]

(1) गंगनहर (2) अनूपगढ़ नहर

(3) उम्मेद सागर नहर (4) इन्दिरा गाँधी नहर

Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner


❑ इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना में 'लिफ्ट नहरों की संख्या है? [CET : 08.01.2023 (S-II)] [R.A.S. - 1995]

(1) 8 (2) 7 (3) 6 (4) 5

Ans. (2)

*व्याख्या- इंदिरा गाँधी नहर की लिफ्ट नहरें - कुल 7*

1. **चौधरी कुम्भाराम ( नौहर सौहवा )**- सहायक नहरों सहित सबसे लम्बी लिफ्ट नहर है, अन्यथा कँवर सेन लिफ्ट सबसे बड़ी है। लाभान्वित जिले : हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूँ
2. **कँवरसेन ( लूणकरणसर )** - सबसे लम्बी लिफ्ट नहर लाभान्वित जिले : गंगानगर, बीकानेर
3. **पन्नालाल बारूपाल ( गजनेर )**- लाभान्वित : बीकानेर, नागौर
4. **वीर तेजाजी ( बांगड़सर )** - सबसे छोटी लिफ्ट नहर। लाभान्वित जिला : बीकानेर
5. **डॉ. करणी सिंह ( कोलायत )**- लाभान्वित जिला : बीकानेर, फलौदी (पूर्व जोधपुर)
6. **गुरु जम्भेश्वर ( फलौदी )** - लाभान्वित जिले : बीकानेर, फलौदी
7. **जयनारायण ( पोकरण )**- लाभान्वित जिले : फलौदी (पूर्व जोधपुर), जैसलमेर




*इन्दिरा गाँधी नहर की शाखाओं का उत्तर से दक्षिण की ओर क्रम क्रमशः रावतसर, सूरतगढ़, अनूपगढ़, पूगलगढ़, दातोर, बिरसलपुर, चारणवाला, शहीद बीरबल, सागरमल गोपा शाखा है।*

❑ इन्दिरा गाँधी नहर की शाखाओं का उत्तर से दक्षिण के सही क्रम है- [JEN (Mech.) Degree. - 16.10.2016]

(1) अनूपगढ़-पूगलगढ़-चारणवाला-बिरसलपुर
(2) पूगलगढ़-चारणवाला -अनूपगढ़-बिरसलपुर
(3) अनूपगढ़-पूगलगढ़-बिरसलपुर-चारणवाला
(4) अनूपगढ़-बिरसलपुर-पूगलगढ़-चारणवाला

Ans. (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में इंदिरा गाँधी नहर परियोजना की लिफ्ट नहरों की स्थिति (i), (ii), (iii) एवं (iv) से प्रदर्शित की गयी है। मानचित्र के नीचे दिये गये क्रम में इन्हें पहचानिये तथा उत्तर दीजिये-** [RAS-31.10.2015]




(1) जय नारायण व्यास लिफ्ट नहर, डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, कँवरसेन लिफ्ट नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर।
(2) जय नारायण व्यास लिफ्ट नहर, कुँवरसेन लिफ्ट नहर, डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर
(3) डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर, जय नारायण व्यास लिफ्ट नहर, कुँवरसेन लिफ्ट नहर
(4) डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर, जय नारायण व्यास लिफ्ट नहर, चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर, कुँवरसेन लिफ्ट नहर।

Ans. (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्नलिखित में से कौनसा ( लिफ्ट नहर - लाभान्वित जिले ) सुमेलित नहीं है?** [CET : 07.01.2023 (S-II)]

(1) कुंवरसेन - गंगानगर, बीकानेर
(2) कुम्भाराम आर्य - जैसलमेर, बाड़मेर
(3) डॉ. करणी - बीकानेर, जोधपुर
(4) जय नारायण व्यास - जैसलमेर, जोधपुर

Ans. (2)* ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **चौधरी कुम्भा राम नहर द्वारा लाभान्वित है?** [Head Master Exam - 02.09.2018] [RAS-28.08.2016]

(1) हनुमानगढ़ - झुंझुनूँ (2) भीलवाड़ा - टोंक
(3) बीकानेर - जोधपुर (4) बाड़मेर - जैसलमेर

Ans. (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ राजस्थान के उक्त मानचित्र में इंदिरा गाँधी नहर की लिफ्ट परियोजनाओं की स्थिति को (i) (ii) (iii) और (iv) से अंकित किया गया है। नीचे दी गई क्रमावली से इनका सही अनुक्रम पहचानिए- [पटवार मुख्य परीक्षा - 24.12.2016]




(1) चौधरी कुम्भाराम, पन्नालाल–बारूपाल, करणीसिंह, जयनारायण व्यास
(2) पन्नालाल – बारूपाल, करणीसिंह, चौधरी कुम्भाराम, जयनारायण व्यास
(3) जयनारायण व्यास, पन्नालाल – बारूपाल, चौधरी कुम्भाराम, करणीसिंह
(4) करणीसिंह, जयनारायण व्यास, चौधरी कुम्भाराम, पन्नालाल –बारूपाल

**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **सुमेलित कीजिए-** [Librarian Garde-III - 13.11.2016] [ग्राम सेवक 18.12.16]

| सूची-I ( लिफ्ट नहर ) | सूची-II ( लाभान्वित जिले ) |
|---|---|
| (a) जय नारायण व्यास | (i) बीकानेर, नागौर |
| (b) चौधरी कुम्भाराम | (ii) जोधपुर, बीकानेर |
| (c) पन्ना लाल बारूपाल | (iii) जोधपुर, जैसलमेर |
| (d) डॉ. करणीसिंह | (iv) हनुमानगढ़, चूरू |

| कूट | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **कँवर सेन लिफ्ट नहर.... शहर को पीने का पानी उपलब्ध करा रही है-** [पशुधन सहायक 04.6.2022]
(1) उदयपुर (2) जयपुर (3) बीकानेर (4) जैसलमेर

**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ लिफ्ट नहर-लाभान्वित जिलों में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है? [Lab Assistent (Sci.)-29.06.2022]
(1) पन्नालाल बारूपाल – बीकानेर, नागौर
(2) वीर तेजाजी – बीकानेर
(3) बरकतुल्ला खाँ – जैसलमेर, बाड़मेर
(4) डॉ. करणी सिंह – हनुमानगढ़

**Ans.** (4) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **गजनेर लिफ्ट नहर का नया नाम है-** [पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III -19.09.2020]
(1) कँवरसेन लिफ्ट नहर (2) गुरु जम्भेश्वर लिफ्ट नहर
(3) पन्नालालबारूपाल लिफ्ट नहर (4) पोकरण लिफ्ट नहर

**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **इंदिरा गाँधी नहर की चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट से राजस्थान के कौनसे जिले लाभान्वित है?** [JEN Exam - 21.08.2016]
(1) हनुमानगढ़ एवं चूरू (2) गंगानगर एवं बीकानेर
(3) सीकर एवं झुन्झुनूं (4) जोधपुर एवं नागौर

**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्नलिखित में से कौन हनुमानगढ़ व चुरू जिलों के लिए जल का स्रोत है?** [प्रयोगशाला सहायक-3.2.2019]
(1) कँवरसेन लिफ्ट नहर (2) गुरु जम्भेश्वर लिफ्ट नहर
(3) चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर (4) पोकरण लिफ्ट नहर

**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **इन्दिरा गाँधी नहर की जयनारायण व्यास लिफ्ट से राजस्थान के कौनसे जिले लाभान्वित हैं?** [JEN (Diploma) Exam - 21.08.2016]
(1) जोधपुर एवं बीकानेर (2) बीकानेर एवं नागौर
(3) जोधपुर एवं जैसलमेर (4) बीकानेर एवं जैसलमेर

**Ans.** (3)* ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **इंदिरा गाँधी नहर पर बनाई गयी पहली लिफ्ट नहर थी?** [क. वैज्ञानिक सहायक (जैविक)- 15.9.2019]
(1) पोकरण (2) फलौदी (3) कँवरसेन (4) गजनेर

**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **कौनसे जिले गजनेर लिफ्ट नहर से लाभांवित होते हैं?** [JEN (Civil) [illegible] 05.2022]
[Motor Veh. SI, 20[illegible] RPS[illegible] Teacher -2004]
(1) बीकानेर व [illegible] (2) [illegible] व हनुमानगढ़
(3) नागौर व सीकर (4) सीकर व बीकानेर

**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त [illegible] की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ सुमेलित कीजिए- [RPSC Head Master May, 2012] [RAS -26.10.2013] [Head Master Exam. 2011]

A. कँवरसेन लिफ्ट नहर 1. नागौर को
B. गंधेली-साहवा लिफ्ट परियोजना 2. जोधपुर को
C. राजीव गाँधी लिफ्ट नहर 3. चूरू को
D. गजनेर लिफ्ट परियोजना 4. बीकानेर को

| कूट: | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 4 | 3 | 2 | (2) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (3) | 4 | 3 | 2 | 1 | (4) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **इंदिरा गाँधी नहर परियोजना का संभागीय मुख्यालय कहाँ स्थित है-** [छात्रावास अधीक्षक -28.07.2024]
(1) हनुमानगढ़ (2) जैसलमेर (3) जयपुर (4) बीकानेर
**Ans. (3)**


❐ **'पन्नालाल बारूपाल कैनाल' के जल का स्रोत है-** [RPSC LDC, 11 Jan 2014]
(1) जवाई बाँध (2) फिचियाक बाँध
(3) हरिके बैराज (बाँध) (4) राणा प्रताप बाँध
**Ans. (3)**

*व्याख्या- हरिके बैराज (सतलज व व्यास नदियों के संगम पर स्थित) पन्नालाल बारूपाल कैनाल का जल स्रोत है।*

❐ **इंदिरा गाँधी नहर परियोजना के अनुसार, कौनसे कथन गलत है-** [VDO Mains -09.07.2022]
1. इस परियोजना को पहले राजस्थान नहर के रूप में जाना जाता था और 1982 में इसका नाम बदलकर इंदिरा गाँधी लिफ्ट नहर परियोजना करदिया गया।
2. इंदिरा गाँधी नहर परियोजना में 9 लिफ्ट नहरें हैं।
3. नहर की कल्पना सार्दुल सिंह ने की थी।
4. नहर हरियाणा से नहीं गुजरती है।
(1) केवल 1 और 2 (2) केवल 1, 2 और 3
(3) केवल 2, 3 और 4 (4) 1, 2, 3 और 4
**Ans. (4)**

❐ **'चंबल घाटी विकास योजना' एक संयुक्त बहुउद्देश्यीय परियोजना है, जिसके पानी और बिजली में... बराबर के हिस्सेदार है-** [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-13.5.2022 (S-II)] [पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)][CET -4.2.2023 (S- II)]
(1) राजस्थान और गुजरात (2) राजस्थान और मध्यप्रदेश
(3) राजस्थान और उत्तरप्रदेश (4) राजस्थान और पंजाब
**Ans. (2)**

*व्याख्या - राजस्थान एवं मध्यप्रदेश की इस संयुक्त परियोजना में राजस्थान का हिस्सा 50 प्रतिशत है। इन बाँधों का विवरण निम्नानुसार है-*




***[i] गाँधी सागर बाँध (विद्युत क्षमता 115 मेगावाट)*** *: यह बाँध राजस्थान एवं मध्यप्रदेश की सीमा के पास चौरासीगढ़ दुर्ग के समीप रामपुरा भानपुरा पठारों के बीच स्थित है। इसकी ऊँचाई 62.17 मीटर (204 फीट) है।*

***[ii] कोटा सिंचाई बाँध :*** *इसे कोटा बैराज बाँध भी कहते है। यह चम्बल नदी का एकमात्र बाँध है जिससे केवल सिंचाई होती है। इसका सभी बाँधों में सर्वाधिक केचमेंट एरिया है।*

***[iii] राणा प्रताप सागर बाँध*** *(विद्युत क्षमता 172 मेगावाट) : इस बाँध का निर्माण चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा नामक स्थान के निकट चूलिया झरने पर किया गया है। इसके ऊपर कनाडा के सहयोग से राजस्थान में प्रथम व देश का दूसरा परमाणु विद्युत गृह बनाया गया है। इस बाँध की भराव क्षमता सर्वाधिक है।*

***[iv] जवाहर सागर बाँध व विद्युत गृह*** *(विद्युत क्षमता 99 मेगावाट) : कोटा बाँध के उपनाम से प्रसिद्ध यह एक पिकअप बाँध है जिसमें गाँधी सागर व राणा प्रताप सागर बाँध का पानी आता है।*

❐ **राजस्थान में निम्नलिखित में से कौनसा बाँध है जिसका सिंचाई और जल विद्युत दोनों के लिए उपयोग किया जाता है-** [CET-G (S-I) - 27.09.2024]
(1) राम सागर बाँध (2) राणा प्रताप सागर बाँध
(3) मेजा बाँध (4) जवाई बाँध
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ मध्य प्रदेश व राजस्थान की संयुक्त बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है- [LDC Exam -19.08.2018]
(1) भाखड़ा नांगल (2) माही (3) व्यास (4) चम्बल
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ राणा प्रताप सागर सिंचाई परियोजना किस नदी पर स्थित है? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (I)]
(1) बनास (2) चंबल (3) माही (4) बाणगंगा
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ निम्न में से चम्बल प्रोजेक्ट में किसमें सबसे ज्यादा जल विद्युत का उत्पादन किया जाता है-
[JEN (यांत्रिकी/विद्युत) डिप्लोमा -26.12.2020]
(1) राणा प्रताप सागर (2) जवाहर सागर
(3) गाँधी सागर (4) कोटा बैराज
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ निम्न में से कौनसा बाँध जलविद्युत उत्पाद नहीं कर रहा है- [JEN (यांत्रिकी/विद्युत) डिप्लोमा -26.12.2020]
(1) गाँधी सागर बाँध (2) माही-बजाज सागर बाँध
(3) कोटा बैराज (4) जवाहर सागर बाँध
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ कोटा बैराज का निर्माण किस उद्देश्य से किया गया है? [RPSC LDC - 17.02.2012]
(1) विद्युत उत्पादन (2) विद्युत उत्पादन एवं सिंचाई
(3) सिंचाई (4) उद्योगों को जल आपूर्ति हेतु
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ गाँधी सागर बाँध की ऊँचाई है?[CET-11.2.2023 (S-I)]
[कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) सीधी भर्ती परीक्षा- 23.03.2019]
(1) 62 मीटर (2) 63 मीटर (3) 92 मीटर (4) 93 मीटर
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है-[संगणक-03.03.2024]
(1) माही बजाज सागर परियोजना - गुजरात और राजस्थान
(2) राणा प्रताप सागर परियोजना - राजस्थान और पंजाब
(3) व्यास परियोजना - राजस्थान, पंजाब और हरियाणा
(4) चम्बल परियोजना - राजस्थान और मध्यप्रदेश
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ राजस्थान के कौनसे जिले नर्मदा नहर परियोजना के अन्तर्गत शामिल किये गये हैं?[कारापाल, 2012]
[II Grade (SST) 2011][Lab Assistant (Science) -29.06.2022]
[कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर)- 23.03.2019]
[पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III-19.9.2020][Fireman -29.1.2022]
(1) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा (2) कोटा, झालावाड़
(3) जालौर, बाड़मेर (4) प्रतापगढ़, उदयपुर
Ans. (3)

*व्याख्या - नर्मदा नहर परियोजना गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र तथा राजस्थान की संयुक्त परियोजना है। इस परियोजना के अंतर्गत नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बाँध बनाया गया है जिससे राजस्थान के जालोर जिले के 76 गाँवों, बाड़मेर जिले की गुढ़ामलानी तहसील के गाँवों को सिंचाई का लाभ मिल रहा है। नर्मदा जल विवाद प्राधिकरण द्वारा नर्मदा जल में राजस्थान का हिस्सा 0.50 MAF निर्धारित किया गया था। राजस्थान में नर्मदा नहर की लम्बाई 74 किमी. है। यह पहली परियोजना है जिसमें सिंचाई केवल स्प्रिंकलर (फव्वारा) सिंचाई पद्धति से ही करने का प्रावधान है। ड्रिप सिंचाई प्रणाली इजरायल की देन है।*

❒ राजस्थान को नर्मदा नदी का कितना हिस्सा प्राप्त होता है- [JEN (Electric) Degree - 18.05.2022]
(1) 1.90 MAF (2) 8.60 MAF
(3) 9.10 MAF (4) 0.50 MAF
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ ड्रिप सिंचाई प्रणाली/माइक्रो सिंचाई प्रणाली (Micro Irrigations System) में पाइप लाइनों द्वारा सीधे ही पौधों की जड़ों में पानी पहुँचाया जाता है। यह प्रणाली सर्वप्रथम किस देश में विकसित की गयी थी? [वनरक्षक परीक्षा - 2013]
(1) मिश्र (2) थाईलैण्ड
(3) इजरायल (4) जापान
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ निम्न में से कौनसी परियोजना मध्यप्रदेश, गुजरात एवं राजस्थान राज्यों के मध्य का एक संयुक्त उपक्रम है- [JEN (यांत्रिकी) डिप्लोमा -13.12.2020]
[Lab Assistent (Home Sci.) -30.06.2022]
(1) चम्बल नहर परियोजना (2) माही बजाज सागर परियोजना
(3) नर्मदा नहर परियोजना (4) इंदिरा गाँधी नहर परियोजना
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❒ राजस्थान में नर्मदा नहर की लम्बाई..... किमी. है? [Lab Assistent (Science) -28.06.2022]
(1) 64 (2) 74 (3) 84 (4) 94
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned with OKEN Scanner

❑ वह कौनसी परियोजना है जिसमें सिंचाई केवल स्प्रिंकलर (फव्वारा) सिंचाई पद्धति से ही करने का प्रावधान है? [पटवार-2011] [प्रयोगशाला सहायक-13.11.16] [सांख्यिकी अधिकारी- 20.12.2021][RAS -05.08.2018] [CET - 11.2.2023 (S-I)][कॉलेज व्याख्याता (सारंगी)30.05.2019] [LDC - 23.10.16][राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-16.05.2022 (II)] [Stenographer-15.10.2024][CET : 08.01.2023 (S-II)]

(1) नर्मदा नहर परियोजना (2)इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना (3) गंगनहर परियोजना (4) माही बजाज सागर परियोजना

**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **माही बजाज सागर परियोजना संयुक्त उपक्रम है?** [ग्राम सेवक, 2008] [III Grade Teacher-2004] [RAS - 01.10.2023] [ACF & FRO Exam - 18.02.2021] [CET -G (S-II) - 27.09.2024][CET (10+2) : 22.10.2024 (S-I)]

(1) मध्यप्रदेश व राजस्थान (2) गुजरात एवं राजस्थान (3) उत्तरप्रदेश व राजस्थान (4) पंजाब व राजस्थान

**Ans. (2)**

*व्याख्या - राजस्थान व गुजरात की इस संयुक्त परियोजना में राजस्थान का हिस्सा 45 प्रतिशत है। इससे बनने वाली विद्युत 100 प्रतिशत राजस्थान को प्राप्त होती है। इसमें माही नदी पर बाँसवाड़ा के निकट बोरखेड़ा गाँव में माही बजाज सागर बाँध (पक्का बाँध) तथा गुजरात में कड़ाणा बाँध बनाया गया है। इस परियोजना से सर्वाधिक लाभ बाँसवाड़ा जिले को प्राप्त होता है।*

❑ **माही परियोजना से लाभान्वित होने वाला जिला है-** [Lab Assistent (Geography)-30.06.2022]

(1) कोटा (2) बूँदी (3) बाँसवाड़ा (4) झालावाड़

**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **किस जल विद्युत परियोजना में राजस्थान सरकार ने पड़ौसी राज्यों के साथ सहभागिता नहीं है-** [JEN (Civil) Diploma-06.12.2020]

(1) भाखड़ा नांगल (2) माही (3) चम्बल (4) बनास

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **माही बजाज सागर परियोजना राजस्थान व गुजरात की संयुक्त परियोजना है, जिसमें राजस्थान का प्रतिशत है-** [RAS Exam-2003]

(1) 45% (2) 30% (3) 55% (4) 60%

**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **कौनसी बहुउद्देशीय परियोजना राजस्थान में बोरखेड़ा स्थान पर स्थित है-** [पशु परिचर-2.12.2024 (S-I)]

(1) सिद्धमुख परियोजना (2) माही बजाज सागर (3) राणा प्रताप सागर (4) जवाहर सागर

**Ans. (2)**

❑ **माही-बजाज सागर परियोजना का मुख्य बाँध किस स्थल पर निर्मित है-** [JEN Diploma (TSP) - 16.10.2016]

(1) खांदू (2) बोरखेड़ा (3) चाटोल (4) कड़ाणा

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्नलिखित में राजस्थान की कौनसी जल विद्युत परियोजना राज्य के स्वयं की पूर्ण स्वामित्व वाली परियोजना है?** [CET (10+2) : 23.10.2024 (S-I)] [LDC -09.09.2018][CET-G (S-II) - 28.09.2024]

(1) चम्बल (2) व्यास (3) माही (4) सतपुड़ा

**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्न में से कौनसा बाँध बाँसवाड़ा में बनाया गया था?** [Stenographer-15.10.2024]

(1) मेजा बाँध (2) कडाना बाँध (3) माही बजाज सागर बाँध (4) कागदी पिकअप बाँध

**Ans. (*)** *व्याख्या : विकल्प 3 और 4 सही है।*

❑ **निम्नलिखित में से किस परियोजना से राजस्थान के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है-** [CET (10+2) : 22.10.2024 (S-II)]

(1) भाखड़ा नांगल बाँध परियोजना
(2) जवाहर सागर बाँध परियोजना
(3) वीर सागर बाँध परियोजना
(4) माही बजाज सागर बाँध परियोजना

**Ans. (4)**

❑ **'कागदी पिकअप' किससे जलग्रहण करता है-** [JEN (Civil) Diploma-06.12.2020]

(1) गाँधी सागर बाँध (2) माही-बजाज सागर बाँध (3) जाखम बाँध (4) जवाई बाँध

**Ans. (2)**

*व्याख्या-कागदी पिकअप बाँध, बाँसवाड़ा - जहाँ पर माही बजाज सागर बाँध बना है, वहाँ से नहरें नहीं निकाली जा सकती क्योंकि आस-पास की जमीन ऊबड़-खाबड़ है। यहाँ सिर्फ विद्युत उत्पादन हो सकता है। नहरों के लिए इससे आगे नीचे एक बाँध कागदी पिकअप बनाया गया है।*

❑ **निम्न में से कौनसा जिला 'माही हाई लेवल कैनाल शुद्ध पेयजल प्रोजेक्ट' से प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित नहीं है?** [सूचना सहायक परीक्षा-12.05.2018]

(1) राजसमन्द (2) चित्तौड़गढ़ (3) उदयपुर (4) डूंगरपुर

**Ans. (4)**

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या-राजस्थान बजट 2018-2019 में रीजन वाटर ग्रिड बनाकर, राज्य में पेयजल की उपलब्धता एवं आपूर्ति का दूरगामी समाधान करने के लिए राजसमंद, चित्तौड़गढ़ एवं उदयपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल के लिए 450 करोड़ की लागत से माही हाई लेवल कैनाल टू जयसमंद ड्रिंकिंग वाटर प्रोजेक्ट।*

❐ **बीसलपुर परियोजना का सम्बन्ध किस नदी से है?**
[पशु परिचर-2.12.2024 (S-I & II)][ग्राम सेवक परीक्षा, 2008]
(1) चम्बल (2) बनास (3) व्यास (4) जाखम
**Ans. (2)**

*व्याख्या-टोंक जिले के राजमहल में बीसलपुर गाँव के पास बनास नदी पर बाँध बनाकर इस परियोजना का निर्माण किया गया। बीसलपुर से जयपुर, ब्यावर, अजमेर जिलों में पेयजल तथा टोंक में सिंचाई हेतु जलापूर्ति होती है।*

❐ **निम्नलिखित में से कौनसा जिला बीसलपुर परियोजना से सीधे लाभ प्राप्त नहीं कर रहा है-**
[अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा - 27.12.2020]
(1) टोंक (2) सवाई माधोपुर (3) अजमेर (4) जयपुर
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **बीसलपुर सिंचाई परियोजना किस जिले में स्थित है ?**
[पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)][Stenographer- 30.05. 2013]
(1) जयपुर (2) टोंक (3) अजमेर (4) भीलवाड़ा
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान के रेखा मानचित्र पर 1, 2, 3 और 4 चार सिंचाई परियोजना की स्थिति को प्रदर्शित करते हैं, कौनसा सही नहीं दर्शाया गया है?**[RAS-19.11.2013]




(1) माही-बजाज सागर (2) चम्बल
(3) बीसलपुर (4) सिद्धमुख
**Ans. (3)**

*व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न में दिये गये मानचित्र में बीसलपुर को नागौर जिले में दर्शाया गया है जबकि बीसलपुर टोंक जिले में स्थित हैं।*

❐ **बीसलपुर बाँध में पानी की आवक बढ़ाने हेतु, कौनसी परियोजना तैयार की गई है-**[II Gr. -31.10.2018]
(1) परवन सिंचाई परियोजना (2) ब्रह्मणी-बनास परियोजना
(3) माही-बनास परियोजना (4) गदरड़ा बाँध परियोजना
**Ans. (2)**

*व्याख्या -बीसलपुर परियोजना के लिए नाबार्ड के ग्रामीण आधार ढाँचा विकास कोष ( RIDF - Rural Infrastructure Development Fund )से आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है।राजस्थान बजट 2018-19 में बीसलपुर बाँध में पानी की आवक बढ़ाने के लिए ब्राह्मणी - बनास परियोजना की घोषणा की गई। चित्तौड़गढ़ से बहकर चंबल में जाने वाली ब्राह्मणी को बनास से जोड़ेंगे।जिससे इसका पानी बनास के माध्यम से बीसलपुर बाँध में पहुंचेगा।*

❐ **बीसलपुर बाँध में पानी की आवक बढ़ाने हेतु निम्नलिखित में से कौनसी परियोजना तैयार की गई है-** [JEN (Civil) Degree - 18.05.2022]
(1) सेई (2) ओराई (3) ब्राह्मणी-बनास (4) माही-बनास
**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **भाखड़ा बहुद्देशीय परियोजना किसका संयुक्त उपक्रम है?**[पशु परिचर-3.12.2024 (S-I)][प्री. बी. एड. -2007]
[पशुधन सहायक 04.6.2022] [उद्योग निरीक्षक-24.06.2018]
[पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)]
(1) राजस्थान, गुजरात व मध्यप्रदेश
(2) राजस्थान, पंजाब व हरियाणा
(3) राजस्थान, उत्तर प्रदेश व हरियाणा
(4) राजस्थान, पंजाब व मध्यप्रदेश
**Ans. (2)**

*व्याख्या - राजस्थान को भाखड़ा नाँगल परियोजना से पंजाब सरकार व राजस्थान के मध्य 1959 में हुए भाखड़ा नाँगल समझौते के तहत 15.22 प्रतिशत हिस्सा ( विद्युत व जल दोनों में ) प्राप्त होता है। इससे राजस्थान को 227.32 मेगावाट विद्युत एवं 2.3 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है। इस परियोजना से राज्य में सर्वाधिक सिंचाई हनुमानगढ़ जिले में होती है तथा चूरू, गंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, झुँझुनूँ व बीकानेर जिलों को विद्युत प्राप्त होती है। भाखड़ा नाँगल परियोजना में सतलज नदी पर भाखड़ा एवं नाँगल स्थानों पर दो बाँध बनाये गये हैं। भाखड़ा बाँध के पीछे बिलासपुर ( हिमाचल ) में बने विशाल जलाशय का नाम गोविन्द सागर है जो पंजाब, हरियाणा व राजस्थान की पेयजल व सिंचाई तथा दिल्ली व चंडीगढ़ की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करता है।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ भाखड़ा-नाँगल परियोजना में नाँगल बाँध कौनसी नदी पर बनाया गया है?[Police Constable- 2013]
(1) भागीरथी (2) चिनाब (3) पार्वती (4) सतलज
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ भाखड़ा-नाँगल परियोजना में राजस्थान की कितनी हिस्सेदारी है? [वनरक्षक-11.12.2022(S-II)]
[Assist. Professor-8.9.2024][III Grade (Sanskrit) -27.02.2023]
(1) 13.5% (2) 15.2% (3) 16.3% (4) 17.8%
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ भाखड़ा नहर परियोजना के बारे में कौन-सा कथन सत्य है? [बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक -18.06.2022]
(1) यह पंजाब-हरियाणा और राजस्थान की संयुक्त परियोजना है।
(2) इससे हनुमानगढ़ को सिंचाई सुविधा प्राप्त होती है।
(3) राजस्थान का हिस्सा 17.22% है।
(4) यह 2.3 लाख हैक्टेयर कृषिगत भूमि को सिंचित करती है।
कूट-(1) 1, 2 और 3 (2) 2 और 3
(3) 1, 2 और 4 (4) 2, 3 और 4
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान के जिस जिले में भाखड़ा-नाँगल बाँध से सबसे अधिक सिंचाई होती है, वह है?
[R.A.S. Pre Exam, 1999]
(1) गंगानगर (2) हनुमानगढ़ (3) चूरू (4) बीकानेर
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्न जोड़ों में से कौन-सा एक सही मेल नहीं खा रहा है? [RPSC Head Master Exam. 15 May, 2012]
(1) भीमसागर परियोजना - झालावाड़
(2) परवन लिफ्ट परियोजना - बाराँ
(3) सावन-भादों परियोजना - कोटा
(4) चौली सिंचाई परियोजना - बून्दी
Ans. (4) *चौली सिंचाई परियोजना - झालावाड़*

❑ सुमेलित नहीं है? [Librarian Garde-III Exam - 13.11.2016]
(1) इन्दिरा लिफ्ट परियोजना- सवाईमाधोपुर
(2) जाखम परियोजना- प्रतापगढ़
(3) भीमसागर परियोजना-बाराँ (4) सावन भादो- कोटा
Ans. (3)

*व्याख्या - भीमसागर बाँध झालावाड़ से 24 किमी दूर है। यह उजाड़ नदी पर बनाया गया है।*

❑ सुमेलित नहीं है? [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (II)]
(1) कालीसिंध परियोजना-उदयपुर
(2) जाखम परियोजना-प्रतापगढ़
(3) जवाई परियोजना-पाली
(4) कोठारी परियोजना-भीलवाड़ा
Ans. (1) *व्याख्या-कालीसिंध परियोजना - झालावाड़*

❑ 'सोम-कमला-अम्बा' सिंचाई परियोजना निम्न में से किस जिले में है? [JEN Degree (TSP) - 16.10.2016]
[JEN (Civil) Diploma-06.12.2020] [R.A.S.-1998]
[Police - 2013][RPSC LDC, 11 Jan 2014]
[PSI - 14.09.2021][प्रयोगशाला सहायक-3.2.2019]
[महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (TSP) 20.12.2015]
[कॉलेज व्याख्याता (सारंगी) परीक्षा 30.05.2019]
[कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) सीधी भर्ती परीक्षा- 20.03.2019]
(1) डूँगरपुर (2) बाँसवाड़ा (3) उदयपुर (4) चित्तौड़
Ans. (1)

*व्याख्या - डूँगरपुर जिले की आसपुर तहसील तथा सलूम्बर (पूर्व में उदयपुर) जिले के गाँवों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए डूँगरपुर के कमला अम्बा गाँव के पास सोम नदी पर बाँध का निर्माण किया गया।*

❑ निम्न में से कौनसी राजस्थान के डूँगरपुर जिले की सिंचाई परियोजना है- [PSI - 13.09.2021]
(1) पाँचना (2) सोम, कमला, अम्बा (3) जवाई (4) सिद्धमुख
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ गंग नहर, जो सबसे पुरानी नहरों में से है, का निर्माण गंगासिंहजी ने करवाया: [R.A.S. Pre Ex., 2010]
[महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (TSP) 20.12.2015]
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख) 22.9.2019]
(1) 1930 में (2) 1927 में
(3) 1944 में (4) 1932 में
Ans. (2)

*व्याख्या - यह राजस्थान की प्रथम नहर सिंचाई परियोजना है, जिसका निर्माण (नींव - 5 सितम्बर, 1921 गंगासिंह द्वारा, उद्घाटन - 26 अक्टूबर, 1927, वायसराय लॉर्ड इरविन द्वारा) बीकानेर के महाराजा गंगासिंह द्वारा सतलज नदी से पंजाब के फिरोजपुर के निकट हुसैनीवाला से पानी निकालकर किया गया। श्रीगंगानगर के संखा गाँव से यह राजस्थान में प्रवेश करती है। शिवपुर, श्रीगंगानगर, जोरावरपुर, पदमपुर, स्वरूप शहर तक जाती है। इस नहर का पेटा सीमेण्ट से बनाया गया है।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ विश्व की सबसे पुरानी व विकसित नहर व्यवस्था भारत में कौनसी है ? [R.A.S. Pre Exam. 2007] [पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III -19.09.2020]
(1) गंग नहर (2) इंदिरा गाँधी नहर परियोजना
(3) सिकरी नहर (4) कृष्णा-गोदावरी नहर व्यवस्था
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ गंगनहर की निर्माण अवधि है-[जेल प्रहरी-21-10-2018]
(1) 1921-22 (2) 1927-32 (3) 1921-27 (4) 1932-37
**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ गंग नहर कौनसी नदी से निकाली गई है? [जेल प्रहरी -27-10-2018][II Grade (SST)-2011]
(1) गंगा (2) व्यास (3) सतलज (4) साबी
**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ 'राजस्थान का धान्यागार' कहा जाने वाला क्षेत्र सिंचाई के लिए पानी कहाँ से लेता है? [कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) सीधी भर्ती परीक्षा- 26.03.2019]
(1) गंगनहर (2) यमुनानहर (3) गुड़गाँव नहर (4) भाकड़ा नहर
**Ans. (1)**

*व्याख्या : राजस्थान का धान्यागार गंगानगर क्षेत्र सिंचाई हेतु गंग नहर एवं इंदिरा गाँधी नहर से पानी लेता है।*

❑ मानसी वाकल परियोजना का उद्देश्य किस नगर को पेयजल उपलब्ध कराना है? [जेल प्रहरी परीक्षा-2017] [JEN (विद्युत) डिप्लोमा -29.11.2020]
(1) जोधपुर (2) उदयपुर (3) कोटा (4) झालावाड़
**Ans. (2)**

*व्याख्या - मानसी वाकल परियोजना से उदयपुर को 24 मिलियन लीटर ( 70% ) पेयजल व शेष 30% हिन्दुस्तान जिंक को मिलेगा। अरावली की पहाड़ियों में यह दूसरी सुरंग है जिससे उदयपुर शहर को जलापूर्ति की जाएगी। इससे पहले 1973 में देवास परियोजना में 2.1 किमी. लम्बी सुरंग बनाई गई थी।*

❑ निम्नलिखित में से कौनसा ( सिंचाई परियोजना - जिला ) सुमेलित नहीं है? [CET : 07.01.2023 (S-II)]
(1) पांचना - करौली (2) मानसी वाकल - डूँगरपुर
(3) ओराई -चित्तौड़गढ़ (4) गुढ़ा - बूँदी
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ सुमेलित नहीं है? [JEN (Civil) Diploma - 18.05.2022]
(1) सोम-कमला-अम्बा -डूँगरपुर
(2) सोम कागदर-राजसमन्द (3) सावन भादो - कोटा
(4) नोहर-सिद्धमुख परियोजना-हनुमानगढ़ और चुरू
**Ans. (2)**

*व्याख्या - सोम-कागदर परियोजना उदयपुर के ऋषभदेव क्षेत्र में स्थित है।*

❑ सोम-कागदर सिंचाई परियोजना किस जिले में स्थित है?[वनरक्षक-13.12.2022(I)][JEN (Mechanical)-20.05.2022]
(1) डूँगरपुर (2) बाँसवाड़ा (3) उदयपुर (4) चित्तौड़गढ़
**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ सेई परियोजना का निर्माण उदयपुर जिले की किस तहसील में कराया गया? [जेल प्रहरी परीक्षा-2017]
(1) सराड़ा (2) गिरवा (3) कोटड़ा (4) झाड़ोल
**Ans. (3)**

*व्याख्या - जवाई बाँध में पानी की आवक बढ़ाने हेतु सेई बाँध बनाकर सुरंग के माध्यम से इसका पानी जवाई बाँध में डाला गया है।*

❑ 'सेई परियोजना' का सम्बन्ध निम्न में से किस बाँध से है?[वनरक्षक-13.12.2022(S-II)][उद्योग निरीक्षक-24.06.2018] [Lab Assistent (Science) -29.06.2022]
(1) गाँधी सागर बाँध (2) जवाहर सागर बाँध
(3) हरिके बाँध (4) जवाई बाँध
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान की परवन बृहद सिंचाई परियोजना किस जिले में स्थित है- [सांख्यिकी अधिकारी- 20.12.2021] [CET - 5.2.2023 (S- II)]
(1) धौलपुर (2) झालावाड़ (3) चित्तौड़गढ़ (4) कोटा
**Ans. (2)**

*व्याख्या - 'परवन' वृहद बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना ग्राम अकावद कलाँ खानपुर, जिला झालावाड़ के निकट परवन नदी पर निर्माणाधीन है। परियोजना के अन्तर्गत 1,402 गाँवों में पेयजल उपलब्ध करवाने के साथ-साथ झालावाड़, बारां एवं कोटा जिले के 637 गाँवों की 2,01,400 हैक्टेयर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई गई है। परियोजना को 2025 में पूर्ण किया जाना है।*

❑ किन्हें परवन बृहद् परियोजना से सिंचाई सुविधा मिलेगी? [CET : 08.01.2023 (S-I)][R.A.S.- 27.10.2021]
(1) बूँदी, कोटा और बारां जिलों के 535 गाँवों को
(2) झालावाड़, बारां और कोटा जिलों के 637 गाँवों को
(3) झालावाड़, बूँदी और कोटा जिलों के 637 गाँवों को
(4) प्रतापगढ़, झालावाड़, कोटा जिलों के 535 गाँवों को
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ सुमेलित नहीं है? [CET : 07.01.2023 (S-I)]
(1) सावन भादो – कोटा (2) परवन लिफ्ट – जयपुर
(3) सोम कमला अम्बा–डूँगरपुर (4) सोम कागदर–उदयपुर
**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ सिद्धमुख-नोहर सिंचाई परियोजना को....नदियों का अतिरिक्त पानी प्राप्त होता है– [उद्योग निरीक्षक-24.06.2018]
[JEN (यांत्रिकी/विद्युत)-26.12.2020][Protection Off. - 28.1.2023]
(1) रावी–व्यास (2) रावी–सतलज
(3) सतलज–व्यास (4) रावी–घग्घर
**Ans.** (1)

*व्याख्या – **राजीव गाँधी सिद्धमुख नोहर सिंचाई परियोजना**– राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की नोहर व भादरा तथा चूरू जिले की **राजगढ़ व तारानगर तहसीलों** एवं गंगानगर के कुछ हिस्से में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से **यूरोपीय आर्थिक समुदाय की वित्तीय** सहायता से इस परियोजना (पूर्व नाम **'सिद्धमुख परियोजना'**) का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य रावी–व्यास नदियों के उस अतिरिक्त हिस्से के पानी, जो 1981 ई. में **पंजाब, हरियाणा व राजस्थान** के मध्य समझौते के अंतर्गत निर्धारित किया गया था, का सदुपयोग करना है।*

❑ कौनसा जिला सिद्धमुख परियोजना से सिंचाई जल प्राप्त नहीं करता है? [वनपाल-06.11.2022(S-II)]
(1) हनुमानगढ़ (2) श्रीगंगानगर
(3) बीकानेर (4) चूरू
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्न में से कौनसे जिले सिद्धमुख सिंचाई परियोजना से सिंचित होते हैं? [Asst. Jailer Exam-15.03.2016]
[कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) सीधी भर्ती परीक्षा- 20.03.2019]
(1) बीकानेर एवं गंगानगर (2) हनुमानगढ़ और चूरू
(3) बीकानेर और नागौर (4) जोधपुर और नागौर
**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ इस परियोजना के अन्तर्गत रावी–व्यास का अतिरिक्त जल राजस्थान में सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता है। [पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)]
(1) गाँधी सागर बाँध परियोजना
(2) सिद्धमुख बाँध परियोजना
(3) बीसलपुर बाँध परियोजना
(4) पाँचना बाँध परियोजना
**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ गुड़गाँव नहर परियोजना द्वारा लाभान्वित राजस्थान का जिला है? [CET (10+2)-23.10.2024 (II)][वनरक्षक- 2013]
(1) जालोर (2) अलवर (3) भरतपुर (4) सीकर
**Ans.** (3)

*व्याख्या – यमुना नदी से ओखला (दिल्ली) के पास से निकाली गई गुड़गाँव नहर से भरतपुर, डीग जिले लाभान्वित है।*

❑ पंजाब, हरियाणा एवं राजस्थान की संयुक्त सिंचाई परियोजना नहीं है? [Asst. Statistical Officer-08.07.2022]
(1) भाखड़ा–नांगल परियोजना (2) व्यास परियोजना
(3) गुड़गाँव नहर परियोजना (4) सिद्धमुख परियोजना
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ 'जाखम' बहुउद्देशीय परियोजना राजस्थान के कौनसे जिले में स्थित है? [पुलिस उपनिरीक्षक -07.10.2018]
[वनपाल–06.11.2022(S-I)]
[JEN (यांत्रिकी) डिग्री -13.12.2020]
[JEN (यांत्रिकी/विद्युत) डिग्री -26.12.2020]
[Lab Assistent (Home Sci.) -30.06.2022]
(1) टोंक (2) बांसवाड़ा (3) भरतपुर (4) प्रतापगढ़
**Ans.** (4)

*व्याख्या– जाखम परियोजना – जाखम बाँध का शिलान्यास 14 मई, 1968 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मोहन लाल सुखाड़िया द्वारा किया गया था। **प्रतापगढ़ जिले** के अनूपपुर गाँव के पास 253 मी. लम्बे व 81 मी. ऊँचे जाखम बाँध का निर्माण माही नदी की सहायक जाखम नदी पर किया गया है। इस परियोजना से प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, सलूम्बर एवं उदयपुर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है।*

❑ जाखम सिंचाई परियोजना राजस्थान के किन जिलों को सिंचाई सुविधा प्रदान करती है? [वनपाल–06.11.2022(S-I)]
(1) अजमेर, ब्यावर, किशनगढ़ (2) डूंगरपुर, उदयपुर, सिरोही
(3) उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ (4) भीलवाड़ा, बाँसवाड़ा, बूंदी
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्न में राजस्थान का कौनसा क्षेत्र जाखम बाँध परियोजना से सिंचाई जल प्राप्त नहीं करता है? [पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)]
(1) प्रतापगढ़ (2) चित्तौड़गढ़ (3) उदयपुर (4) बीकानेर
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ **जाखम बाँध का शिलान्यास निम्न में से किनके द्वारा किया गया-** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-06.11.2020 (I)]
(1) मोहन लाल सुखाड़िया (2) बरकतुल्लाह खान
(3) हरिदेव जोशी (4) जगन्नाथ पहाड़िया
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्नांकित में से प्रतापगढ़ जिले में कौनसी बहुउद्देशीय परियोजना स्थित है-** [पशुधन सहायक - 21.10.2018]
(1) जवाई परियोजना (2) जाखम परियोजना
(3) माही बजाज सागर परियोजना (4) बीसलपुर परियोजना
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **जर्मनी द्वारा पोषित 'आपणी योजना' राजस्थान के कौनसे जिलों में चल रही है?** [E.O. Exam. 2007]
(1) अलवर-भरतपुर (2) चूरू-हनुमानगढ़
(3) बाड़मेर-नागौर (4) सिरोही-बूँदी
**Ans. (2)**

*व्याख्या-जर्मनी की आर्थिक सहायता से झुंझुनूँ, चूरू व हनुमानगढ़ जिलों में आपणी परियोजना संचालित है।*

❒ **राजस्थान में किस वर्ष में एकीकृत जलग्रहण विकास कार्यक्रम आरम्भ हुआ?** [कॉलेज व्याख्याता परीक्षा-2016]
(1) 1974 (2) 1977 (3) 1989 (4) 1999
**Ans. (3)**

*व्याख्या - केन्द्र प्रवर्तित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों जैसे-जल, जंगल, जमीन, जनमानस, जानवर का स्थायी एवं सतत विकास सुनिश्चित करना, कृषि योग्य भूमि से उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाना है। यह कार्यक्रम 31 मार्च, 2013 से समाप्त कर दिया गया।*

❒ **राजस्थान में हाइड्रोलॉजी एण्ड वॉटर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट अवस्थित है-** [वनरक्षक-13.12.2022(S-II)]
[RAS (Pre) Ex. 14 June, 2012]
(1) कोटा (2) गंगानगर (3) बीकानेर (4) जोधपुर
**Ans. (3)**

*व्याख्या - बीकानेर में जल विज्ञान एवं जलप्रबंधन संस्थान ( हाइड्रोलॉजी एण्ड वाटर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट ) की स्थापना की गई है।*

❒ **भूजल प्रबंधन के लिए, हेली-बोर्न सर्वेक्षण तकनीक का प्रारंभ राजस्थान के किस जिले में किया गया है?** [CET : 08.01.2023 (S-I)]
(1) भरतपुर (2) जोधपुर (3) कोटा (4) जयपुर
**Ans. (2)** *5 अक्टूबर, 2021 से जोधपुर में प्रारम्भ*

❒ **निम्न में से किस नदी से धौलपुर लिफ्ट सिंचाई परियोजना को पानी मिलेगा?** [PTI Exam-30.09.2018]
(1) बनास (2) पार्वती (3) चम्बल (4) बाणगंगा
**Ans. (3)**

*व्याख्या- धौलपुर लिफ्ट परियोजना ( पूर्ण-2026 ) के तहत धौलपुर ग्रामीण व राजाखेड़ा तहसील क्षेत्र में सिंचाई के लिए चंबल में सागरपाडा के समीप से पानी लिया जायेगा।*

❒ **'गरड़दा वृहद पेयजल परियोजना' राजस्थान के निम्न में से किस जिले से सम्बन्धित है?** [LDC Exam -09.09.2018]
(1) बूँदी (2) बाराँ (3) कोटा (4) झालावाड़
**Ans. (1)**

*व्याख्या - गरड़दा, गुढ़ा बूँदी जिले की मध्यम सिंचाई परियोजनाएँ हैं। 182 करोड़ 86 लाख की लागत से बूँदी जिले के गरड़दा वृहद परियोजना से जिले के 111 गाँव एवं 91 ढाणियों के 2.90 लाख लोग लाभान्वित।*

❒ **निम्नलिखित में से कौनसी सिंचाई परियोजना राजस्थान, पंजाब व हरियाणा राज्यों की संयुक्त परियोजना है?** [JEN Exam - 21.08.2016]
(1) इंदिरा गाँधी नहर (2) माही बजाज सागर
(3) व्यास परियोजना (4) नर्मदा नहर
**Ans. (3)**

*व्याख्या - व्यास परियोजना सतलज, रावी व व्यास नदियों के जल का उपयोग करने हेतु **पंजाब, राजस्थान व हरियाणा की संयुक्त परियोजना** है। इसमें व्यास नदी पर हिमाचल प्रदेश में निम्नलिखित दो बाँध बनाये गये हैं-*
*( 1 ) **पंडोह बाँध**-पंडोह ( हिमाचल प्रदेश ) स्थान पर।*
*( 2 ) **पोंग बाँध** - काँगड़ा जिले के पोंग स्थान पर ( हिमाचल प्रदेश ) निर्मित। राजस्थान को रावी, व्यास नदियों के जल में अपने हिस्से का सर्वाधिक जल इसी बाँध से प्राप्त होता है। **पोंग बाँध का मुख्य उद्देश्य इंदिरा गाँधी नहर परियोजना को शीत काल में जल की आपूर्ति बनाये रखना है।***

❒ **भीम सागर और छापी सिंचाई परियोजनाएं किस जिले में स्थित है?** [जेल प्रहरी 28-10-2018, Shift -III]
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम) 15.9.2019]
(1) झालावाड़ (2) कोटा (3) टोंक (4) सवाई माधोपुर
**Ans. (1)**

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या – भीमसागर, चोली और छापी सिंचाई परियोजना – झालावाड़।*

❑ **असंगत युग्म को छाँटिए-** [प्रयोगशाला सहायक 13.11.16]
[JEN Diploma (TSP) Exam - 16.10.2016]

| नदी घाटी परियोजना | सहयोगी राज्य |
|---|---|
| (1) भाखड़ा नांगल | पंजाब, हरियाणा, राजस्थान |
| (2) चम्बल | मध्यप्रदेश, राजस्थान |
| (3) व्यास | पंजाब, राजस्थान, उत्तरप्रदेश |
| (4) माही बजाज सागर | गुजरात, राजस्थान |

Ans. (3)

*व्याख्या – • चम्बल परियोजना – राजस्थान, मध्यप्रदेश*
- *नर्मदा परियोजना -राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र*
- *माही बजाज सागर परियोजना – राजस्थान, गुजरात*
- *व्यास परियोजना – राजस्थान, पंजाब, हरियाणा*

❑ **'ईसरदा बाँध परियोजना' किन जिलों में निर्मित की गई है?** [CET : 07.01.2023 (S-1)][पटवार परीक्षा – 2011]
[उद्योग प्रसार अधिकारी-22.08.2018]
(1) कोटा और बाराँ (2) डूँगरपुर और बाँसवाड़ा
(3) टोंक और सवाई माधोपुर (4) झालावाड़ और बाराँ
Ans. (3)

*व्याख्या –ईसरदा सिंचाई परियोजना टोंक व सवाई माधोपुर की सीमा पर निर्मित। सिंचाई : सवाई माधोपुर।*

❑ **राजस्थान के किस जिले में 'अनास बाँध' परियोजना का निर्माण किया जाएगा?** [LDC-19.08.2018]
(1) टोंक (2) भीलवाड़ा (3) डूँगरपुर (4) बाँसवाड़ा
Ans. (4)

*व्याख्या –बाँसवाड़ा में अनास नदी पर 'अनास बाँध' का निर्माण कराया जायेगा।*

❑ **बिलास सिंचाई परियोजना का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किससे है-** [कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) - 20.03.2019]
(1) सवाई माधोपुर (2) अलवर (3) कोटा (4) उदयपुर
Ans. (*)

*व्याख्या – बाराँ जिले की किशनगढ़ तहसील के कनवास में निर्मित बिलास बाँध परियोजना।*

❑ **राजस्थान में सिंचाई प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान, कोटा की स्थापना कब की गई?**
[जेल प्रहरी परीक्षा 27-10-2018, Shift -II]
(1) 1985 (2) 1982 (3) 1984 (4) 1983
Ans. (3)

*व्याख्या – इसकी स्थापना संयुक्त राज्य अमेरिका की अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेन्सी के सहयोग से राजस्थान सरकार द्वारा माह अगस्त, 1984 में की गई। इसका मुख्य उद्देश्य सिंचाई एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों तथा कृषक वर्ग को समुचित जल उपयोग व कृषि ज्ञान हेतु प्रशिक्षण प्रदान करना है।*

❑ **सावन-भादो सिंचाई परियोजना से सम्बन्धित जिला है-**
[सांख्यिकी अधिकारी-25.02.2024]
(1) बारां (2) उदयपुर (3) अजमेर (4) कोटा
Ans. (4)

*व्याख्या – सावन-भादो कोटा की सांगोद तहसील में स्थित सिंचाई परियोजना है।*

❑ **सही सुमेलित नहीं है-** [Lab Assist.(Home Sci.) -30.6.2022]
(1) जवाई – पाली (2) सिद्धमुख – चुरू
(3) बिलास – बाराँ (4) बाँकली –बीकानेर
Ans. (4) *व्याख्या-बाँकली सिंचाई परियोजना – जालौर*

❑ **पीपलाद (पिप्पलाद) पेयजल परियोजना का सम्बन्ध है-** [CET - 11.2.2023 (S-I)]
(1) अजमेर (2) झालावाड़ (3) जोधपुर (4) पाली
Ans. (2)

❑ **सही सुमेलित हैं?** [REET (L – II, S-II) –23.07.2022]
**1. चित्तौड़गढ़ – राणा प्रताप सागर बाँध**
**2. अजमेर – बीसलपुर परियोजना**
**3. उदयपुर – मानसी वाकल परियोजना**
**4. प्रतापगढ़ – जाखम परियोजना**
(1) 1, 3, 4 (2) 1, 2, 3 (3) 2, 3, 4 (4) 1, 2, 4
Ans. (1)

❑ **सुमेलित नहीं है?** [VDO Mains -09.07.2022]
(1) बिलास-बाराँ (2) चौली-डूँगरपुर
(3) पांचना – करौली (4) गरड़दा-बूँदी
Ans. (2) *व्याख्या-चौली सिंचाई परियोजना – झालावाड़*

❑ **बहुउद्देश्यीय नदी घाटी परियोजनाओं को 'आधुनिक भारत का मंदिर' किसने कहा-** [RAS -1999, 1995]
(1) पंडित जवाहर लाल नेहरू (2) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(3) इंदिरा गाँधी (4) महात्मा गाँधी
Ans. (1)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या - भाखड़ा परियोजना को जवाहरलाल नेहरू ने 'पुनरुत्थित भारत का नवीन मंदिर' तथा चमत्कारी विराट वस्तु' की संज्ञा दी थी।*

❑ किस जिले का वाटर शेड 'नीरांचल परियोजना' के अंतर्गत आता है? [VDO-28.12.2021 (S-I)]
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) 21.9.2019]

(1) जयपुर (2) जोधपुर (3) कोटा (4) झालावाड़

Ans. (2)

*व्याख्या - भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय (भू-संसाधन विभाग) द्वारा विश्व बैंक पोषित नीरांचल परियोजना का मुख्य उद्देश्य पी.एम.के.एस.वाई. (वाटरशेड कम्पोनेन्ट) के परिणामों में परियोजनान्तर्गत विभिन्न बिन्दुओं जैसे तकनीकी, वैज्ञानिक, कैपेसिटी बिल्डिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर समर्थन प्रदान कर सुधार लाना है। यह परियोजना राजस्थान (जोधपुर एवं उदयपुर जिले को चयनित) सहित 9 राज्यों हेतु प्रस्तावित की गई है।*

❑ 'भीखाभाई सागवाड़ा नहर' से सर्वाधिक लाभान्वित जिला है- [पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III -19.09.2020]

(1) गंगानगर (2) डूँगरपुर (3) अलवर (4) पाली

Ans. (2)

*व्याख्या-भीखाभाई सागवाड़ा नहर का निर्माण माही नदी पर 'माही साइफन' का निर्माण करके किया गया है। इस नहर से डूँगरपुर जिले के सागवाड़ा क्षेत्र में सिंचाई की जाती है।*

❑ भीखा-भाई सागवाड़ा नहर राजस्थान में किस नदी पर बनाई गई है- [Assistant Professor-22.9.2021]

(1) यमुना (2) बनास (3) घग्घर (4) माही

Ans. (4)*व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ 'आनन्दपुरी' एवं 'सागवाड़ा' नहरें संबंधित हैं- [कनिष्ठ अनुदेशक -4.1.2025]

(1) इंदिरा गाँधी नहर परियोजना से (2) चम्बल नदी से
(3) माही नदी से (4) बनास नदी से

Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ बेथली लघु सिंचाई परियोजना अवस्थित है- [JEN (यांत्रिकी/विद्युत) डिग्री -26.12.2020]

(1) कोटा (2) झालावाड़ (3) बारां (4) चित्तौड़गढ़

Ans. (3)

*व्याख्या - बेथली, खिरिया एवं अहमदी बारां जिले की लघु सिंचाई परियोजनाएँ हैं।*

❑ संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) लिंक परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों में सही कथन है- [AEN -30.06.2024]

1. इस परियोजना से राजस्थान के 20 जिलों को अगले तीन-चार दशक तक पेयजल सुविधा मिलेगी।
2. इस परियोजना के तहत राजस्थान में पाँच बैराज-रामगढ़, महलपुर, मेज, राठौड़ और डूँगरी तथा एक बाँध-नवनेरा बनाया जाना प्रस्तावित है।

(1) केवल 1 (2) केवल 2
(3) 1 और 2 दोनों (4) न तो 1, न ही 2

Ans. (2)

*व्याख्या - राम जल सेतु लिंक परियोजना -(पूर्व नाम : संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना)- 28 जनवरी, 2024 को नई दिल्ली में **राजस्थान एवं मध्यप्रदेश एवं केन्द्र सरकार के बीच** एमओयू हस्ताक्षर से बहुप्रतीक्षित पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट) के एकीकरण सहित राम जल सेतु लिंक परियोजना के रूप में चम्बल बेसिन की नदियों को आपस में जोड़कर इनके पानी के उपयोग का मार्ग प्रशस्त हुआ। पी.के.सी. लिंक परियोजना में **राजस्थान का 2.80 लाख हैक्टेयर क्षेत्र शामिल** है। पहले ई.आर.सी.पी. से प्रदेश के 13 जिले लाभान्वित होने वाले थे लेकिन **अब राजस्थान के 17 जिलों** (कोटा, बूँदी, बाराँ, झालावाड़, टोंक, सवाई माधोपुर, दौसा, करौली, अलवर, धौलपुर, भरतपुर, डीग, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, जयपुर, ब्यावर, अजमेर) को इसका लाभ मिलेगा। इस परियोजना के अन्तर्गत 5 बैराज व 1 बाँध बनाया जाना प्रस्तावित है-*

1. ***रामगढ़ बैराज (बाराँ)*** *- किशनगंज तहसील में कूल नदी पर।*
2. ***महलपुर बैराज (बाराँ)*** *-मांगरौल तहसील में पार्वती नदी पर।*
3. ***नवनेरा बैराज (कोटा)*** *- दीगोद तहसील में कालीसिंध नदी पर। (सर्वाधिक भराव क्षमता वाला)*
4. ***मेज बैराज (बूँदी)*** *- इन्द्रगढ़ तहसील में मेज नदी पर।*
5. ***राठौड़ बैराज (सवाई माधोपुर)*** *- चौथ का बरवाड़ा तहसील में बनास नदी पर।*
6. ***डूँगरी बाँध (सवाई माधोपुर)*** *- खण्डार तहसील में बनास नदी पर।*

*बैराज का निर्माण मुख्यत: जल अपवर्तन हेतु एवं बाँध का निर्माण जल संग्रहण हेतु होगा। केन्द्र सरकार के सहयोग से इस योजना हेतु 45 हजार करोड़ प्रस्तावित किया गया है। इस योजना के प्रथम चरण में रामगढ़ व महलपुर बैराज (बाराँ) नवनेरा बैराज (कोटा) से बीसलपुर बाँध एवं ईसरदा बाँध भरने हेतु 14200 करोड़ रुपये की डी.पी.आर. तैयार की गई है।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ **2020 में अटल भू-जल योजना किसकी वित्तीय सहायता से आरम्भ की गई है?**
[Asst. Testing Off. - 27.07.2021][JEN (Civil) Dip. - 18.05.2022]
(1) विश्व बैंक (2) एशियन विकास बैंक
(3) जापान (4) यू.एस.ए.
**Ans. (1)**

*व्याख्या – अटल भू-जल योजना : अटल भू-जल योजना भारत सरकार एवं विश्व बैंक के सहयोग से (50:50 प्रतिशत) देश के सात राज्यों क्रमशः हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश राज्यों में भू-जल के गिरते स्तर को रोकने, भू-जल के बेहतर प्रबन्धन हेतु 1 अप्रेल 2020 से लागू की गई है। यह योजना पांच वर्षों 2020 से वर्ष मार्च, 2025 तक के लिये है। इस योजना की अनुमानित लागत 6,000 करोड़ रुपये है जिसमें से 3,000 करोड़ रुपये विश्व बैंक का हिस्सा एवं 3000 करोड़ रुपये भारत सरकार का हिस्सा है। इस योजना के अन्तर्गत राजस्थान राज्य के 17 जिलों की 38 पंचायत समिति के 1,132 ग्राम पंचायतों को चिह्नित किया गया है।*

❑ **राजस्थान में अटल भू-जल योजना के लिये निम्न में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?** [RAS - 1.10.2023]
**(1) अटल भू-जल योजना भारत सरकार की वित्तीय सहायता से राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही है।**
**(2) इस योजना का भू-जल प्रबन्धन में सुधार करना और इसके गिरते स्तर को रोकना है।**
(1) न तो 1 न ही 2 सही है। (2) 1 व 2 दोनों सही हैं।
(3) केवल 2 सही है। (4) केवल 1 सही है।
**Ans. (2)** *व्याख्या – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में अटल भूजल योजना का उद्देश्य क्या है-** [Asst. Professor- 7.1.2024]
(1) राजस्थान में इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना में जलभराव और लवणता की समस्या का समाधान करना।
(2) राजस्थान में सिंचाई के लिये जल की उपलब्धता में वृद्धि करना।
(3) राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाना।
(4) भूजल के बेहतर प्रबन्धन के साथ-साथ इसके घटते स्तर को रोकना।
**Ans. (4)** *व्याख्या – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में 'पुष्टिकर' का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से हैं-** [अन्वेषक सीधी भर्ती - 27.12.2020]
(1) विद्युत (2) स्वास्थ्य (3) जल (4) खनिज
**Ans. (3)**

❑ **वर्ष.... तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पीने योग्य पानी की आपूर्ति प्रदान करने हेतु 'जल जीवन मिशन' क्रियान्वित किया जा रहा है।** [III Grade (L-I) -25.2.2023]
[III Grade (Punjabi) -28.02.2023]
(1) 2025 (2) 2024 (3) 2027 (4) 2030
**Ans. (2)**

*व्याख्या–जल जीवन मिशन – प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त, 2019 को 'जल जीवन मिशन' की घोषणा की। इसके तहत वर्ष 2024 तक 100 से अधिक आबादी वाले गाँवों में घर-घर नल कनेक्शन से 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना है। इसमें केन्द्र एवं राज्य की भागीदारी 50 : 50 है। ज्ञातव्य है कि माण्डल (भीलवाड़ा) राज्य का ऐसा पहला ब्लॉक बन गया है, जहाँ जल जीवन मिशन के तहत् 100 प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है।*

❑ **राजस्थान में जल जीवन मिशन में केन्द्र एवं राज्य की भागीदारी क्रमशः है-** [CET (Graduation)- 2023]
(1) 60 : 40 (2) 40 : 60 (3) 70 : 30 (4) 50 : 50
**Ans. (4)** *व्याख्या – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में परिवर्तित बजट 2024-25 के अनुसार 'जल जीवन मिशन' के अन्तर्गत कितने ग्रामीण घरों तक नल से जल पहुँचाने का लक्ष्य है?**
[पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)]
(1) 27 लाख (2) 21 लाख (3) 15 लाख (4) 25 लाख
**Ans. (4)**

❑ **राजस्थान में 'जीवन धारा योजना' का संबंध है-**
[VDO Mains -09.07.2022] [PSI - 13.09.2021]
[R.A.S. -1998; Police Const. 2005]
(1) गरीबों हेतु बीमा से
(2) एस.सी.और एस.टी. हेतु सिंचाई कुओं के निर्माण से
(3) नगरीय क्षेत्रों हेतु पीने के पानी से
(4) एस.सी. और एस.टी. हेतु स्वास्थ्य सुविधा से
**Ans. (2)**

***व्याख्या – जीवनधारा योजना : यह गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले लघु व सीमान्त कृषकों को कुओं के निर्माण व लघु सिंचाई कार्यों हेतु शत-प्रतिशत अनुदान की योजना है जो वर्ष 1996-97 से स्वतंत्र रूप से क्रियान्वित की जा रही है।***

Scanned with OKEN Scanner

मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना प्रारम्भ हुई-
[JEN (विद्युत) डिग्री-29.11.2020]
[JEN (Civil) Degree 12.9.2021]
(1) 27 जनवरी, 2015 में (2) 27 जनवरी, 2016 से
(3) 27 फरवरी, 2016 में (4) 30 मार्च, 2016 से
Ans. (2)

*व्याख्या - जल स्वावलंबन अभियान की शुरुआत 27 जनवरी 2016 को झालावाड़ जिले में गर्दनखेड़ी गाँव से की गई।*

- ***मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 ( शुरू-फरवरी 2024 )*** *- राज्य की प्रत्येक पंचायत समिति के 5000 से 8000 हेक्टेयर क्षेत्रफल का चरणवार चयन कर 20000 गाँवों में जल संग्रहण एवं संरक्षण के कार्य करवाये जायेंगे। प्रथम चरण में राज्य के* ***सभी जिलों की 349 पंचायत समितियों में चयनित 5135 गाँवों में*** *कार्य करवाये जायेंगे।*
- *जल संग्रहण एवं जल संरक्षण के लिए '****मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0****' के तहत आगामी 4 वर्षों में 20 हजार गाँवों में 5 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाये जायेंगे।*

**'मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0' के तहत आगामी 4 वर्षों में राजस्थान के गाँवों में कितने वर्षा जल संचयन संरचनाओं ( वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स ) का निर्माण किया जायेगा-**[Assist. Archivist-03.08.2024]
(1) 5 लाख (2) 3 लाख (3) 8 लाख (4) 2 लाख
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

**राजस्थान सरकार ने जल के समुचित प्रबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम की शुरुआत की है। कार्यक्रम की पहचान कीजिए।**[पशुपरिचर-2.12.2024 (I)]
(1) राजस्थान जल संरक्षण मिशन
(2) जल क्रांति अभियान
(3) प्रधानमंत्री जल स्वावलम्बन
(4) मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

**सुमेलित कीजिए -** [पटवारी प्रारम्भिक परीक्षा-2016]

| | |
|---|---|
| A. गागरिन | 1. बूँदी |
| B. तकली | 2. बाराँ |
| C. ल्हासी | 3. कोटा |
| D. चाकन | 4. झालावाड़ |

| कूट: | A | B | C | D | कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 | (2) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (3) | 3 | 4 | 2 | 1 | (4) | 1 | 4 | 2 | 3 |

Ans. (1)

***व्याख्या*-(i) *तकली : ग्राम धानक्या ( रामगंज मंडी ) कोटा***
**(ii) *पिप्पलाद : सूलिया चौकी ( अकलेरा, झालावाड़ )***
**(iii) *ल्हासी : खजुरिया ग्राम ( छीपाबड़ौद, बाराँ )***
**(iv) *गागरिन : कालापीपल ( पिड़ावा, झालावाड़ )***
**(v) *गरदड़ा : बूँदी जिले के पोलासपुरा गाँव***

❐ **सुमेलित कीजिए -** [RAS-14 June, 2012, 31.10.2015]

| | |
|---|---|
| A. गागरिन | 1. कोटा |
| B. पिप्पलाद | 2. बूँदी |
| C. गरदड़ा | 3. झालावाड़ |
| D. तकली | 4. बाराँ |

| कूट: | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 3 | 2 | 1 | (2) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (3) | 1 | 2 | 3 | 4 | (4) | 4 | 3 | 2 | 1 |

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **सुमेलित कीजिए -** [पटवार मुख्य परीक्षा - 24.12.2016]

| | |
|---|---|
| A. चम्बल | 1. राजस्थान, मध्यप्रदेश |
| B. माही-बजाज सागर | 2. राजस्थान, पंजाब, हरियाणा |
| C. व्यास | 3. राजस्थान, गुजरात |
| D. सरदार सरोवर | 4. राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र |

| कूट: | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 4 | 3 | 2 | (2) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (3) | 4 | 2 | 1 | 3 | (4) | 1 | 3 | 2 | 4 |

Ans. (4)

❐ **नीचे दिए कथन का चुनाव कीजिए-**
[Stenographer-15.10.2024]
**कथन 1 - चंबल नदी से होने वाले भू-क्षरण और बाढ़ की समस्या के समाधान के लिए प्रथम चरण में मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में गाँधी सागर बाँध का निर्माण किया गया।**
**कथन 2 - दूसरे चरण में राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा में राणा प्रताप सागर बाँध और तीसरे चरण में कोटा, बूँदी जिले की सीमा पर जवाहर सागर पिकअप बाँध बनाया गया।**
(1) कथन 1 असत्य है, 2 सत्य है।
(2) कथन 1 और 2 दोनों सत्य है।
(3) कथन 1 और कथन 2 दोनों असत्य है।
(4) कथन 1 सत्य है किन्तु कथन 2 असत्य है।
Ans. (2)

Scanned with OKEN Scanner

❑ नीचे दिये कथनों में सही कथन है-
कथन (1) - चम्बल परियोजना मध्यप्रदेश राज्य और राजस्थान राज्य की संयुक्त परियोजना है।
कथन (2) - माही ऊर्जा परियोजना राजस्थान में उदयपुर के पास स्थित है। [CET-G (S-I) - 28.09.2024]
(1) दोनों कथन सही है। (2) कथन 1 सही, 2 गलत है।
(3) दोनों कथन असत्य है। (4) कथन 1 गलत, 2 सही है।
Ans. (2)

❑ सुमेलित कीजिए- [वनरक्षक-12.12.2022][RAS-5.8.2018]

| | |
|---|---|
| A. सिद्धमुख परियोजना | 1. जालौर एवं बाड़मेर |
| B. नर्मदा परियोजना | 2. जालौर, पाली एवं जोधपुर |
| C. जवाई परियोजना | 3. उदयपुर व प्रतापगढ़ |
| D. जाखम परियोजना | 4. हनुमानगढ़ एवं चूरू |

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 1 | 2 | 3 | (2) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (3) | 4 | 1 | 3 | 2 | (4) | 1 | 2 | 3 | 4 |

Ans. (1)

❑ सुमेलित कीजिए- [JEN (यांत्रिकी) डिप्लोमा - 13.12.2020]

| | |
|---|---|
| (A) भाखड़ा-नांगल | (1) व्यास-सतलज लिंक |
| (B) चम्बल | (2) जय नारायण व्यास |
| (C) व्यास | (3) बिस्ट दोआब |
| (D) इन्दिरा गाँधी | (4) दीगोद |

| कूट : | (A) | (B) | (C) | (D) | | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 2 | 1 | 4 | (2) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (3) | 2 | 3 | 1 | 4 | (4) | 3 | 4 | 1 | 2 |

Ans. (4)

❑ सुमेलित कीजिए - [JEN (Civil) Degree 12.09.2021]

| | |
|---|---|
| A. बांकली बाँध | 1. प्रतापगढ़ |
| B. सोम-कमला-अम्बा | 2. सवाईमाधोपुर |
| C. मोरेल बाँध | 3. जालौर |
| D. जाखम बाँध | 4. डूँगरपुर |

| कूट: | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 4 | 3 | 2 | (2) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (3) | 3 | 2 | 1 | 4 | (4) | 4 | 1 | 2 | 3 |

Ans. (2)

❑ सुमेलित नहीं है? [RAS-2010][वनपाल-06.11.2022(S-II)]
(1) माही बजाज सागर परियोजना -गुजरात एवं राजस्थान
(2) चम्बल परियोजना - राजस्थान एवं मध्यप्रदेश
(3) व्यास परियोजना - राजस्थान, पंजाब एवं हरियाणा
(4) इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना -राजस्थान एवं पंजाब
Ans. (4) *इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना-राजस्थान*

❑ सुमेलित कीजिए- [कनिष्ठ लेखाकार - 11.02.2024]

| | |
|---|---|
| a. मेजा बाँध परियोजना | 1. प्रतापगढ़ |
| b. सोम-कमला-अम्बा परियोजना | 2. सवाई माधोपुर |
| c. मोरेल बाँध परियोजना | 3. भीलवाड़ा |
| d. जाखम बाँध परियोजना | 4. डूँगरपुर |

(1) a-3, b-4, c-2, d-1 (2) a-3, b-1, c-2, d-4
(3) a-3, b-4, c-1, d-2 (4) a-4, b-3, c-2, d-1
Ans. (1)

❑ राजस्थान में निम्न में से कौनसी एक भूजल ब्लॉक की श्रेणी नहीं है- [JEN (यांत्रिकी) डिग्री - 13.12.2020]
(1) सुरक्षित (2) अर्द्धक्रांतिक (3) अति संदोहित (4) न्यून संदोहित
Ans. (4) *व्याख्या-निम्नांकित सारणी में देखें।*

**राज्य में भूजल दोहन परिदृश्य: एक दृष्टि में**

| विवरण | विशेषता | 2024* | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| ब्लॉक श्रेणियाँ (5) | | (कुल 302 में से) | |
| अतिदोहित (Over-Exploited) | दोहन पुनर्भरण से अधिक | 214 | 70.86 |
| विषम (Critical) | दोहन पुनर्भरण का 90 प्रतिशत से 100 प्रतिशत | 27 | 8.94 |
| अर्द्ध विषम (Semi Critical) | दोहन पुनर्भरण का 70 प्रतिशत से 90 प्रतिशत | 21 | 6.95 |
| सुरक्षित (Safe) | दोहन पुनर्भरण का 70 प्रतिशत से कम | 37 | 12.25 |
| लवणीय (Salime) | तारानगर (चूरू), खाजूवाला (अनूपगढ़) व रावतसर (हनुमानगढ़) | 3 | 0.99 |

Source : *प्रगति प्रतिवेदन, भू-जल संसाधन, जोधपुर

Scanned with OKEN Scanner